जयपुर (राजस्थान) से प्रकाशित एवं दिल्ली, महाराष्ट्र, उत्तर प्रदेश, मध्य प्रदेश, हरियाणा, पंजाब, गुजरात, उत्तराखंड, छत्तीसगढ़, बिहार, हिमाचल प्रदेश और झारखण्ड राज्यों में प्रसारित

(DAVP-CODE No. 120390) भारत सरकार का रजि. नं. 10311/1965

साप्ताहिक

# हमारा वतन

देश का अपना अखबार

ہمارا وطن ہفت روزہ

संस्थापित 1965



संस्थापक
स्व. श्री राजेन्द्र कुमार 'अजेय'
स्वतंत्रता सेनानी



संरक्षक
बाबू लाल सैनी



सम्पादक
राम गोपाल सैनी

www.hamarawatan.com FOLLOW US:- Hamarawatan | Hamarawatan65 | Hamarawatan3 | Hamarawatan

वर्ष- 57 अंक-28 जयपुर, सोमवार, 26 जुलाई, 2021 वार्षिक शुल्क 150 रुपये (एक प्रति 3 रु.) पृष्ठ संख्या 4

### अपराध नियंत्रण राज्य सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है

# जघन्य अपराधों को अंजाम देने वाले, माफियाओं की धरपकड़ के लिए प्रभावी अभियान चलाएः गहलोत

जयपुर (नि.सं.)। मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने कहा है कि अपराध नियंत्रण राज्य सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है। उन्होंने निर्देश दिए हैं कि राज्य पुलिस जघन्य अपराधों को अंजाम देने वाले, माफियाओं तथा घटनाओं को साम्प्रदायिक रंग देने वाले अपराधियों की धरपकड़ के लिए प्रभावी अभियान चलाए। इससे लोगों में पुलिस के प्रति विश्वास बढ़ेगा। गहलोत वीडियो कॉन्फ्रेंस के जरिए प्रदेश में कानून-व्यवस्था की स्थिति की गहन समीक्षा कर रहे थे। मुख्यमंत्री ने राज्य में हथियार लाइसेंस जारी करने की प्रक्रिया को अधिक तर्कसंगत एवं पारदर्शी बनाने के लिए नई नीति तैयार करने के निर्देश दिए, ताकि इस प्रक्रिया को निर्विवाद बनाया जा सके। उन्होंने प्रशासनिक एवं कानून व्यवस्था की मॉनिटरिंग के लिए जल्द ही जिला कलेक्टर-पुलिस अधीक्षक कॉन्फ्रेंस आयोजित करने के निर्देश दिए। मुख्यमंत्री ने विभिन्न सोशल मीडिया प्लेटफार्म्स पर भ्रामक सूचना फैलाकर गुमराह करने वाले तत्वों पर कड़ी कार्रवाई करने के निर्देश दिए।



### महिला उत्पीड़न के प्रकरणों में पुलिस अधिकारी संवेदनशील रवैया अपनाएं

गहलोत ने कहा कि महिला उत्पीड़न के प्रकरणों में पुलिस अधिकारी संवेदनशील रवैया अपनाएं। ऐसे मामलों में तुरंत प्रकरण दर्ज कर अपराधियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाए। साथ ही, पीड़ित महिलाओं को सुरक्षा और कानूनी मदद मुहैया कराएं। उन्होंने कहा कि किसी भी तरह का माफिया हो, पुलिस पूरी सख्ती एवं सतर्कता के साथ कार्रवाई को अंजाम दे, ताकि आमजन सुरक्षित महसूस कर सकें। मुख्यमंत्री ने निर्देश दिए कि पुलिस विभाग में लंबित पदोन्नतियों की प्रक्रिया को जल्द से जल्द पूरा किया जाए।



## अंतर्राष्ट्रीय भविष्यवक्ता पंडित रविंद्र आचार्य के जन्मदिन पर होंगे विभिन्न कार्यक्रम

चौमूं (हमारा वतन) तारा ज्योतिष साधना केंद्र के अध्यक्ष और अंतरराष्ट्रीय भविष्यवक्ता पंडित रविंद्र आचार्य के 41 वें जन्मदिन पर विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन होगा। पंडित रविंद्र आचार्य ने बताया कि सर्वप्रथम माता - पिता का आशीर्वाद लेकर दिन की शुरुआत की जाएगी । इसके बाद चौमूं गढ़ गणेश मंदिर में दर्शन कर क्षेत्र की खुशहाली की कामना की जाएगी । गौशाला में गायों को हरा चारा खिलाया जाएगा, वृक्षारोपण किया जाएगा और विभिन्न मठों पर साधु संतों का आशीर्वाद लिया जाएगा । शाम को गरीबों को भोजन प्रसादी का वितरण किया जाएगा और 41 दीपक जलाकर जन्मदिन मनाया जाएगा ।

पंडित रविंद्र आचार्य ने सभी से अपील की है कि विशेष दिवस होने पर हम सभी को समाज सेवा के कार्य करने चाहिए और एक पेड़ जरूर लगाएं जिससे पर्यावरण संतुलन बना रहे ।

## बरसात ने खोली सब्जी मंडी सफाई की पोल

रतलाम (हमारा वतन) बरसात ने एक बार फिर रतलाम के सैलाना बस स्टैंड के पास स्थित सब्जी मंडी की सफाई व्यवस्था की पोल खोल दी है । एक तरफ नगर निगम के अधिकारी सफाई को लेकर प्रदेश सरकार से सम्मान पा रहे हैं ,वहीं दूसरी ओर हकीकत और कुछ ही बयान कर रही है । कलेक्टर और कमिश्नर अवलोकन के लिए आएंगे या फिर मंडी सचिव की लापरवाही के कारण सफाई व्यवस्था दुरुस्त नहीं हो पा रही है । आखिर शहरवासी और निवासियों की यह परेशानी कब दूर होगी या फिर लीपापोती ही होगी ।



## छात्रसंघ अध्यक्ष विजय शर्मा ने बिहारीपुरा में लगाए 101 पेड़

जयपुर (हमारा वतन) राजस्थान संस्कृत विश्वविद्यालय के छात्रसंघ अध्यक्ष विजय शर्मा के सानिध्य में ग्राम बिहारीपुरा में 101 पेड़ लगाए गए । विजय शर्मा ने कहा कि पर्यावरण का संरक्षण करना हम सबकी जिम्मेदारी है । सभी को वर्षा ऋतु में अधिक से अधिक पेड़ लगाकर उनकी देखभाल का संकल्प लेना चाहिए । इस दौरान गौतम सेन, कृष्ण कुमार बागड़ा, बजरंग वर्मा, बजरंग लाल वर्मा, विजय नाथावत, राहुल ,राकेश मीना आदि गणमान्य लोग उपस्थित रहे ।







# जैविक खेती पर एक दिवसीय कार्यशाला

जयपुर (हमारा वतन) जैविक खेती के ऊपर एक दिवसीय कार्यशाला अवेयरनेस ट्रेनिंग एंड मोटिवेशन फॉर एक्शन आत्मा संस्था जगमालपुरा एंड कट्स जयपुर के आर्थिक सहयोग से ब्लॉक स्तरीय कार्यशाला का आयोजन गोविंदगढ़ पंचायत समिति सभागार में किया गया । जिसमें जैविक खेती के ऊपर किसानों को जानकारी दी गई। कार्यशाला में मुख्य अतिथि अनिल सोनी विकास अधिकारी गोविंदगढ़ ,कट्स जयपुर से दीपक सक्सेना, प्रतिभा जैन एवं सहायक कृषि अधिकारी करण सिंह, डॉ टी पी सिंह कृषि विज्ञान केंद्र टांकरडा एवं बृजमोहन सिंह ,विनोद कुमार शर्मा आत्मा संस्था आदि रहे । इन्होंने जीवामृत, वर्मी कंपोस्ट, कीट नियंत्रक, केंचुआ खाद आदि बनाने के बारे में विस्तार से जानकारी दी । रासायनिक खेती के दुष्परिणामों के बारे में भी बताया । गोविंदगढ़ के गांव से जगदीश यादव, रामेश्वर जाट, दुलाराम यादव, विनोद यादव आदि किसानों ने भाग लिया । अंत में विनोद कुमार शर्मा ने सभी किसानों को धन्यवाद देते हुए कार्यशाला का समापन किया ।

# पुलिस ने जिसे भिखारी समझा वो निकला राष्ट्रपति अवॉर्डी

जयपुर (हमारा वतन) जयपुर पुलिस इन दिनों राजधानी की सड़कों पर भीख मांगकर गुजर बसर कर रहे और खानाबदोश रहने वाले लोगों का सर्वे कर रही है। अब तक करीब एक हजार भिखारियों का सर्वे किया जा चुका है। बुधवार को सर्वे करने जुटी पुलिस टीम की मुलाकात चांदपोल बाजार में मेट्रो स्टेशन के पास पैर में गहरा जख्म लिए लेटे हुए एक खानाबदोश व्यक्ति से हुई। जिसकी कहानी सुनकर पुलिसकर्मी भी हैरान रह गए। उनका दिल पसीज गया। पिछले कई सालों से फुटपाथ पर रात गुजारने और मजदूरी कर अपना पेट पालने वाले व्यक्ति का नाम सुनील शर्मा है। पुलिस को बातचीत में पता चला कि वे नेशनल अवॉर्ड जीत चुके हैं।

52 वर्षीय सुनील मूल रूप से कोटा में दादाबाड़ी के रहने वाले हैं। एक एक्सीडेंट के बाद पैर में गहरा जख्म होने के बाद सुनील मजदूरी भी नहीं कर पा रहे हैं। लोगों की मदद से इंदिरा रसोई से भोजन कर किसी तरह पेट पालते हैं। एसीपी नरेंद्र दायमा व पुलिस इंस्पेक्टर गुलजारीलाल की अगुवाई में नार्थ जिले में सर्वे कर रही टीम ने मेट्रो स्टेशन के पास सुनील को भिखारी समझकर बातचीत की। तब सुनील ने कहा कि मैं कोई भिखारी नहीं हूं। मैं किसी से पैसे नहीं मांगता हूं। हां, राहगीरों की मदद से मांगकर इंदिरा रसोई से 8 रुपए का खाना जरुर खा लेता हूं। सुनील ने बताया कि मैं मजदूरी करता हूं। बेलदारी कर लेता हूं। गाड़ियों में सामान ढो लेता हूं। एक्सीडेंट के बाद अब मजदूरी भी नहीं कर पा रहा हूं। मैं अब मजबूर हूं, लेकिन पैर थोड़ा पैर सही होने पर काम करूंगा। सुनील ने कहा कि मजदूरी नहीं करने से जेब में पैसे नहीं है। पैर के जख्म की दवाएं चल रही है। दवा फ्री में मिल जाती है, लेकिन खाना फ्री में नहीं मिलता है। इसलिए लोगों से कहकर खाना खा लेता हूं। मैंने भी पहले लोगों को खाना खिलाया है, लेकिन अब मेरी मजबूरी है। मैं



कहीं भी फुटपाथ पर सो जाता हूं।

**रेलवे में बड़े अफसर थे पिता, जयपुर में केंद्रीय विद्यालय से स्कूलिंग और ग्रेजुएशन किया**

पुलिस ने सुनील से बातचीत कर उनके बारे में जानकारी जुटाई। तब सुनील के जवाब सुनकर पुलिस भी हैरान रह गई। सुनील ने बताया कि उनके पिता रेलवे में बड़े अफसर थे। हम कोटा की रेलवे कॉलोनी में रहते थे। वहीं, सोफिया स्कूल में पढ़ा। इसके बाद पिता का ट्रांसफर जयपुर हो गया। तब बनीपार्क में टैगोर विद्या भवन में पढ़ा। इसके बाद केंद्रीय विद्यालय नंबर 2 में एडमिशन लिया। वहां 12वीं तक पढ़ाई की। फिर तिलक नगर में एलबीएस कॉलेज से इकोनोमिक्स, राजनीतिक विज्ञान, अर्थशास्त्र विषयों में ग्रेजुएशन किया। सुनील एनडीए का एग्जाम भी क्वालीफाई कर चुके थे। एयरफोर्स का भी एग्जाम दिया, लेकिन जॉइन नहीं किया। इसके अलावा कई प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी भी की।

**स्काउटिंग में राष्ट्रपति आर. वेंकटरमन से प्रेसीडेंट अवार्ड से सम्मानित होने पर लगी रेलवे में जॉब**

पुलिस इंस्पेक्टर गुलजारीलाल, कांस्टेबल कर्मवीर ने सुनील से गहराई से पूछताछ की। तब सुनील ने बताया कि वह स्कूल व कॉलेज में बेस्ट एनसीसी कैडेट रहे थे। वर्ष 1987 में राष्ट्रपति आर. वेंकटरमन ने सुनील को राष्ट्रपति पदक से सम्मानित किया था। इसलिए 1989 में सुनील की स्काउट कोटे से रेलवे में ज्ञष्ट की नौकरी लग गई। उन्होंने जॉइनिंग कर ट्रेनिंग भी की, लेकिन तब मुंबई घूमने की इच्छा होती थी। इसलिए रेलवे की नौकरी छोड़कर मुंबई चला गया। वहां एक बड़ी निजी कंपनी में स्टोर इंचार्ज के पद पर जॉब की। तब वर्ष 2001 में उनकी 26 हजार रुपए की सैलेरी थी।

**11 साल मुंबई में जॉब की, प्लांट बंद होने पर जयपुर आकर माता पिता की सेवा की, फिर घर छोड़ा**

सुनील के मुताबिक करीब 11 साल मुंबई में ही जॉब करते रहे। कंपनी का प्लांट बंद हो गया। कंपनी उनको कलकत्ता भेजना चाहती थी, लेकिन वह जॉब छोड़कर 2007 में जयपुर आ गए। सुनील ने यहां अपने पिता की सेवा की। माता-पिता के देहांत के बाद घर छोड़कर मजदूरी करने लगे। खानाबदोश रहने लगे। सुनील का कहना है कि उनके भाई कोटा में उनको रखने को तैयार है, लेकिन उनका मन नहीं है। इसलिए घर छोड़ दिया। सुनील ने शादी भी नहीं की। परिवार में छोटा भाई और बड़ा भाई है। उनके भाई ने ही एक्सीडेंट होने पर इलाज में करीब डेढ़ लाख रुपए का खर्च किया था। तब भाई जयपुर में ही था। वह अब मुंबई चला गया।


# रघुनंदन दास जी महाराज की बगीची में मना गुरु पूर्णिमा महोत्सव



चौमूं (हमारा वतन) गुरु गोविंद दोऊ खड़े, काके लागू पाय, बलिहारी गुरु आपने, गोविंद दियो बताये इसी दोहे को चरितार्थ करते हुए आज भी भारतीय संस्कृति में गुरु को भगवान से बढ़कर माना जाता है । भारत देश में गुरु पूर्णिमा का महोत्सव प्राचीन काल से मनाया जाता रहा है । इस दिन गुरु को दक्षिणा देकर आशीर्वाद लिया जाता है ।

इसी कड़ी में हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी चौमूं शहर के देवनगरी भोजलावा तलाई में गुरु पूर्णिमा पर श्री श्री 1008 रघुनंदन दास जी महाराज की बगीची में गुरु पूर्णिमा का महोत्सव मनाया गया ।

बगीची के टीकम दास महाराज ने बताया कि गुरु पूर्णिमा की पूर्व संध्या पर स्थानीय कलाकारों द्वारा भजन संध्या का आयोजन किया गया । गुरु पूर्णिमा महोत्सव के दौरान भक्तों को आशीर्वाद प्रदान किया गया । महोत्सव कोरोना गाइडलाइन का पालन करते हुए मनाया गया । इस दौरान रामकिशोर चांदोलिया, पूर्व वार्ड पञ्च कैलाश चांदोलिया,रामकरण सैनी,राजू पवार, ग्यारसी लाल झाझड़ा, गोविंद सैनी,रामू टोडावता आदि लोग मौजूद रहे ।




# विधायक रामलाल शर्मा ने किया दो वाटर कूलरों का शुभारंभ

चौमूं (हमारा वतन) भीषण गर्मी में चलते हुए राहगीरों और आमजन के लिए ठंडा व स्वच्छ जल उपलब्ध करवाने के लिए ग्राम सुल्तानपुरा की मुख्य आबादी क्षेत्र में अलग-अलग स्थानों पर 2 वाटर कूलर लगाए गए।

भामाशाहो के सहयोग से लगाए गए वाटर कूलरो का शुभारंभ विधायक रामलाल शर्मा ने फीता काटकर किया। विधायक रामलाल शर्मा ने भामाशाहो का आभार जताते हुए कहा कि राहगीरों को वाटर कूलर के द्वारा ठंडा पानी उपलब्ध हो सकेगा।



इस मौके पर ग्राम पंचायत फतेहपुरा सरपंच बाबूलाल गुर्जर, लल्लूराम थानेदार, भामाशाह हनुमान सिंह गुर्जर, वार्ड पंच मन्ना लाल गुर्जर, कार्यकर्ता शंकर लाल गुर्जर, गोपाल लाल गुर्जर, किशन लाल गुर्जर, राजू राम गुर्जर, सुल्तान सिंह गुर्जर, सुरज्ञान सिंह गुर्जर एवं युवा कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# सैकंड हैंड बीनणी' कॉमेडी मूवी रिलीज



हनुमानगढ़ (हमारा वतन) चमन फिल्म प्रोडक्शन की राजस्थानी कॉमेडी फिल्म ÷सेकंड हैंड बीनणी÷ को आज हनुमानगढ़ जिला क्लब में रिलीज किया गया । रिलीज के मौके पर फिल्म के लेखक महेंद्र चिंडालिया,निर्देशक के एस तेजी, सिंगर अवतार नेहरा ,कुणाल गोयल, पारस गर्ग, आशीष गुप्ता, सिमरन कौर, मानसी, अमन, नयन कुमार, जगदेव सोलंकी मौजूद रहे । फिल्म के निर्देशक के एस तेजी ने बताया कि फिल्म में म्यूजिक आरडी स्टूडियो का है । इस फिल्म को दर्शक चमन फिल्म्स प्रोडक्शन के यूट्यूब चैनल पर देख पाएंगे ।

**फिल्म के मुख्य कलाकार :** आरसी ढींगरा, शशी कांता मीणा, सुरेंद्र ढूधवाल, दीपिका मोदी, महेंद्र चिंडालिया, श्याम सुंदर शर्मा, मनोज मोंटी , सुखा , संदीप, राजू ,जगदेव सोलंकी, विनोद कुमार आदि हैं ।

# गम्भीर परिस्थितियों से गुजर रहे मीसा बंदी

चूरू (हमारा वतन ) राजस्थान प्रदेश रामराज्य परिषद के महामंत्री एवं 82 वर्षीय मीसा बन्दी शिवपूजन गुप्ता ने केंद्र व राज्य सरकार को आडे हाथ लेते हुए कहा है कि गम्भीर परिस्थितियों से गुजर रहे मीसा बन्दियों का पेट भाषणों से नहीं भरेगा। अपने जीवन में 21 बार जेल जा चुके शिवपूजन गुप्ता ने कहा कि राजस्थान के 9 हजार मीसा बन्दी थे। अभी लगभग आधे मीसा बंदी मौजूद हैं। सभी 80 वर्ष से अधिक आयु के हैं। पहले सरकार कुल 24 हजार रुपये मासिक पेन्शन देती थी। यहां अशोक गहलोत के मुख्यमंत्री बनने के बाद सभी मीसा बन्दियों की यह पेंशन बन्द कर दी गई है। इससे बहुत ही परेशानी हो रही है।

गुप्ता ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी भी सिर्फ भाषण देते हैं। भाषण देने व चाद्दर ओढ़ाकर सम्मान करने से पेट नहीं भरेगा। मीसा बन्दियों की पेंशन पुनः शुरू की जावे। साथ ही बन्द के दौरान की बकाया पेंशन राशि भी तुरंत दी जावे। गुप्ता ने कहा कि जिंदगी कैसे कटेगी, भारी मुश्किलें हैं। यहां देश भक्त ों की हालत खराब हो गई है। उन्होंने कहा कि राज्य व केन्द्र सरकार की योजनाएं ऑनलाइन होने के कारण ई मित्र के तारों में उलझकर रह जाती हैं। सरकार सरलीकरण करके आम जरूरतमंद को विभिन्न योजनाओं से लाभान्वित करे। उन्होंने कहा कि चोर व बदमाश लोगों को मौका मिल रहा है। गुप्ता ने कहा कि सत्ता में लोग कुछ भी कर सकते हैं।

गुप्ता ने जेल जाने के कारण बताते हुए कहा कि 1964 में राजस्व मंत्री कुम्भाराम आर्य को चूरू नगरपालिका द्वारा दी जाने वाली दावत का विरोध किया था। इस फिजूलखर्ची के विरोध पर लाठीचार्ज हुआ, उन्हें खूब मारा गया। यहां गुप्ता ने एक पुलिस ऑफिसर का रिवाल्वर छीन लिया था। बादमें गुप्ता को जेल में डाल दिया गया। यहां 1971 में मुख्यमंत्री सुखाड़िया का व 1975 में मुख्यमंत्री जोशी का विरोध करने पर जेल भेज दिया गया। गुप्ता ने बताया कि 25 जून 1975 को रात्रि 12 बजे एमरजेंसी लगी और एक ही रात में 75 हजार लोगों को विभिन्न धाराओं में बंद कर दिया गया।

## जॉब्स

1.स्टाफ सिलेक्शन कमीशन(एसएससी), पद कांस्टेबल जीडी, पद संख्या 25271, अंतिम तिथि 31 अगस्त 2021

2. राजस्थान लोक सेवा आयोग (आरपीएससी), पद आर ए एस /आर टी एस, पद संख्या 988, अंतिम तिथि 27 अगस्त 2021

3. सशस्त्र सीमा बल (एसएसबी), पद हेड कांस्टेबल मिनिस्ट्रियल, पद संख्या 115, अंतिम तिथि 22 अगस्त 2021 4 .राजस्थान हाई कोर्ट जोधपुर, पद सिविल जज पीसीएसजे, पद संख्या 120, अंतिम तिथि 31 अगस्त 2021

5. इंडियन आर्मी, पद प्रादेशिक आर्मी ऑफिसर, पद अघोषित, अंतिम तिथि 19 अगस्त 2021


6. उत्तर प्रदेश पब्लिक सर्विस कमीशन (यूपीपीएससी) पद स्टाफ नर्स सिस्टर ग्रेड सेकंड मेल एंड फीमेल, पद संख्या 3012, अंतिम तिथि 12 अगस्त 2021

7. इंस्टिट्यूट ऑफ बैंकिंग पर्सनल सिलेक्शन (आईबीपीएस), पद क्लर्क, पद संख्या 5858, अंतिम तिथि 1 अगस्त 2021

8. एग्रीकल्चर साइंटिस्ट रिक्रूटमेंट बोर्ड(एएसआरबी)पद एडमिनिस्ट्रेटिव, फाइनेंस और अकाउंट ऑफिसर, पद संख्या 65, अंतिम तिथि 23 अगस्त 2021

## छोटी सी मिनी ड्रेस पहन नोरा फतेही ने कराया ऐसा फोटोशूट, हॉट तस्वीरें देख लोगों का हुआ बुरा हाल

बॉलीवुड डांसर और एक्ट्रेस नोरा फतेही पिछले कुछ समय में फैशन सेंस के मामले में हर किसी को मात दे रही हैं। उनपर सिर्फ वेस्टर्न आउटफिट ही नहीं बल्कि इंडियन कपड़े भी खूब जंचते हैं। बॉलीवुड की डांसिंग क्वीन नोरा फतेही उन हसीनाओं में से एक हैं, जिन्होंने बहुत कम समय में मुकाम हासिल किया है। एक तरफ जहां लोग इस हसीना के डांस के दीवाने हैं, तो वहीं फैशन स्टाइल पर भी कम फिदा नहीं हैं। अदाकारा का फैशन सेंस इतना कमाल का है कि वह जिस भी आउटफिट को कैरी करती हैं, उसमें अपना पर्सनल एक्सपेरिमेंट करना नहीं भूलतीं। यही कारण है कि सिर्फ वेस्टर्न क्लोद्स में ही नहीं बल्कि इंडियन आउटफिट्स में भी हसीना कहर ढाने में पीछे नहीं रहती। नोरा अक्सर बॉडीफिटेड कपड़े पहनना पसंद करती हैं, जिसमें उनके परफेक्ट फिगर के साथ कर्व्स भी फ्लॉन्ट होते हैं। ऐसा ही कुछ हमें हाल ही में भी देखने को मिला, जब वह मिनी ड्रेस में नजर आई।



**दिलकश अदाओं से नजरें हटाना मुश्किल**-दरअसल, नोरा ने अपने रिसेन्ट फोटोशूट की कुछ तस्वीरें सोशल मीडिया पर शेयर की हैं, जिसमें वह गजब की खूबसूरत लग रही हैं। आलम यह है कि हसीना के तस्वीरें शेयर करते ही ये सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल होने लगीं। उनका यह आउटफिट इंटरनेशनल लेबल Rotate का था, जिसमें उन्होंने शोख अदाएं दिखाने में कोई कसर नहीं छोड़ी थी।

## जाह्नवी कपूर ने तस्वीर पोस्ट कर बताया कौन है उनका 'प्यार', नए लुक पर ठहरी सबकी निगाहें



युवाओं की पसंदीदा अभिनेत्रियों में जाह्नवी कपूर का नाम आता है। खुद को फिट रखने के लिए जाह्नवी जिम में जमकर वर्कआउट करती हैं। उनके जिम लुक्स अक्सर वायरल होते रहते हैं। जाह्नवी की फिगर मेंटनेस को देखकर शायद ही आप यकीन कर पाएं कि वह उतनी ही फूडी भी हैं।


**फूडी हैं जाह्नवी**-अपनी इंस्टा स्टोरी पर जाह्नवी ने नई तस्वीर पोस्ट की है जिसमें वह पराठे और सब्जी खाती नजर आ रही हैं। जाह्नवी खाने में बिजी हैं। उन्होंने उसी अंदाज में फोटो भी खिंचवाई। इस तस्वीर के साथ उन्होंने बैकग्राउंड में गाना दिया-'फूड इज लव' यानी खाना ही प्यार है। जाह्नवी इससे पहले भी कई बार फूड लवर के तौर पर तस्वीरें साझा कर चुकी हैं।

**नए लुक्स पर ठहरी निगाहें**-वैसे इस तस्वीर में जाह्नवी के लुक्स पर भी सभी की नजरें ठहर गई। उन्होंने नया हेयरकट कराया है। जिसमें वह और भी खूबसूरत दिख रही हैं।

**तस्वीरों से जीता दिल**-जाह्नवी कपूर ने हाल ही में इंस्टाग्राम पर अपनी दो तस्वीरें शेयर कीं। एक तस्वीर जहां मोनोक्रोम है तो वहीं दूसरी तस्वीर कलरफुल है। जाह्नवी के इन फोटोज को फैंस ने खूब पसंद किया।

## जब शमा सिकंदर के बोल्ड सीन देख उड़ गए मां के होश, ऐक्ट्रेस ने बताया था पूरा किस्सा

शमा सिकंदर को जब उनकी मम्मी ने एक सेक्स ऐडिक्ट के रूप में देखा तो उनके होश उड़ गए थे। इसका जिक्र ऐक्ट्रेस ने कुछ साल पहले दिए एक इंटरव्यू में किया था। ऐक्ट्रेस शमा सिकंदर ने अपने करियर की शुरुआत 1998 में बॉलिवुड फिल्मों से की थी। वह एक फिल्म स्टार बनना चाहती थीं। लेकिन जब किस्मत ने साथ नहीं दिया तो उन्होंने टीवी इंडस्ट्री का रुख कर लिया। टीवी की दुनिया में शमा सिकंदर ने बेहतरीन काम किया। शॉर्ट फिल्म सेक्सोहॉलिक में उनके बोल्ड अवतार ने तो सबके होश ही उड़ा दिए थे।



**सेक्सोहॉलिक में दिए थे बोल्ड सीन**-उस शॉर्ट फिल्म में शमा सिकंदर ने एक सेक्स ऐडिक्ट का रोल प्ले किया था। इसके लिए शमा सिकंदर ने खूब रिसर्च भी की थी। पर क्या आप जानते हैं कि सेक्सोहॉलिक में शमा सिकंदर के बोल्ड अवतार को देख उनकी मम्मी का क्या रिऐक्शन था?

**ऐसा था मां का रिऐक्शन**-शमा सिकंदर ने इसका खुलासा साल 2016 में एक न्यूज पोर्टल को दिए इंटरव्यू में किया था। %बॉलिवुड लाइफ% के साथ बातचीत में शमा सिकंदर ने बताया था कि उन्होंने सबसे पहले अपनी शॉर्ट फिल्म मम्मी को दिखाई।

# बालों में चाहिए एक्स्ट्रा शाइन और बाउंसी लुक, तो इस तरह करें मेहंदी का इस्तेमाल


बालों में मेंहदी लगाने से न केवल आपके बालों का रंग अच्छा होता है, बल्कि यह आपके बालों को मजबूत और घना भी बनाती है। इस मानसून सीजन आपको जानने चाहिए बालों के लिए मेंहदी के लाभ। बालों में मेंहदी आज से नहीं हमारी नानी दादी के समय से प्रयोग में होती आ रही है। यह हमारे बालों को अधिक शाइनी, मजबूत और घना बनाती है। आज के समय में तो बहुत से लोग मेंहदी का प्रयोग बालों को रंगने के लिए करते हैं लेकिन यह ना सिर्फ एक नेचुरल हेयर डाई है बल्कि यह आपके बालों के लिए एक हेल्थी इनग्रेडिएंट भी है। चाहे बालों से डैंड्रफ को खत्म करना हो या बालों को मजबूत बनाना, यह सब मेंहदी के प्रयोग से संभव है। यह एक ऐसा नेचुरल टॉनिक है जो आपके बालों को मजबूत करता है और उसे वॉल्यूम भी देता है। आइए जानते हैं मेंहदी के प्रयोग से मिलने वाले लाभ।



**1 हेल्दी हेयर**-अगर आप अपने बालों को हेल्दी, घने और ग्लॉसी बनाना चाहती है, तो महीने में दो बार उनमें मेंहदी जरूर लगाएं। आपके बाल अगर डेमेज हो गए हैं, तो मेंहदी आपके बालों की पहले वाली अच्छी सेहत बरकरार रखने में मदद करती है। असल में मेंहदी का एल्कलाइन नेचर आपके बालों का नेचुरल बैलेंस बनाने में मदद करता है। मेंहदी को लगाने से दो घंटे पहले भिगो कर रख दें। ताकि यह और अच्छे नतीजे दे पाए।

**2 बालों की डीप कंडीशनिंग करती है**-मेंहदी आपके बालों के लिए एक कंडीशनर का काम करती है। अच्छे से अप्लाई होने पर यह आपके हर बाल को कवर कर लेती है और आपके बालों को डेमेज होने से बचाने के लिए बीच में एक सुरक्षा लेयर का काम करती है। यह आपके बालों के लिए आवश्यक मॉइश्चर भी बनाए रखने में मदद करती है। हर्बल मेंहदी से आपके बालों में एक शाइन आती है, जो महंगे से महंगे प्रोडक्ट का प्रयोग करने के बाद भी नहीं आ पाती।

**3 सफेद बालों को छुपाने का नेचुरल तरीका**-अगर आपके बाल सफेद होने लगे हैं, तो आप उनमें मेंहदी अप्लाई कर सकती हैं। यह बालों को एक शाइनी बरगंडी कलर देती है। इससे आपके बालों की सेहत पर किसी प्रकार का नुकसान भी नहीं पड़ने वाला है। अगर आप अन्य केमिकल युक्त हेयर कलर का प्रयोग करती हैं, तो वह आपके बालों से सारा मॉइश्चर सोख लेते हैं। जिससे आपके बाल बेजान होने लगते हैं। लेकिन मेंहदी आपके बालों को और अधिक मॉइश्चर प्रदान करती है।



## कविता (गुरु महिमा)

गुरु गोविन्द दोनों खड़े  
काके लागू पाँय  
बलिहारी गुरु आपकी  
गोविन्द दियो मिलाय÷

गुरु दिखाते दिशा जग को  
गुरु साक्षात्कार कराये गोविन्द से  
गुरु सिखलाये भव से तरना  
गुरु सिखलाये मुक्ति पाना  
गुरु तराशे मानुष को ज्यों जौहरी हिरे को  
गुरु बिन हम तुम काची माटी  
गुरु बनाये सुंदर ठोस आकृति  
गुरु सिखलाये अक्षर ज्ञान  
गुरु पाठ पढ़ाये जिंदगी का  
गुरु बतलाये भेद जीवन के  
गुरु बिन मानव अधूरा  
गुरु साक्षात कराये मानव का मानव से  
गुरु महिमा जानिए  
गुरु महिमा अपरम्पार  
गुरु मिलाये मानव को स्वयं से।



योगिता शर्मा, जयपुर






## मीराबाई चानू ने भारत को दिलाया पहला मेडल, वेटलिफ्टिंग में सिल्वर जीता; शूटिंग में सौरभ चौधरी सातवें स्थान पर रहे

टोक्यो। टोक्यो ओलिंपिक में भारत ने पहला मेडल जीत लिया है। वेटलिफ्टर मीराबाई चानू ने महिलाओं की 49 किलोग्राम वेट कैटेगरी में कुल 202 किलोग्राम वजन उठाकर सिल्वर मेडल जीता। चीन की होउ जिहुई ने 210 किलोग्राम वजन उठाकर गोल्ड मेडल जीता। इंडोनेशिया की कैंटिका विंडी ने ब्रॉन्ज जीता।दूसरी ओर भारतीय शूटर सौरभ चौधरी 10 मीटर एयर पिस्टल इवेंट के फाइनल में सातवें स्थान पर रहे। सौरभ 6 सीरीज के क्वालिफाइंग राउंड में 600 में से 586 अंक हासिल कर पहले स्थान पर रहे थे। लेकिन फाइनल में वे अच्छा प्रदर्शन नहीं कर सके। पुरुष हॉकी में भारत ने न्यूजीलैंड को 3-2 से हराकर बेहतरीन आगाज किया है। दीपिका कुमारी और प्रवीण जाधव की जोड़ी तीरंदाजी मिक्स्ड इवेंट के क्वार्टर फाइनल में हार गई। वहीं, शूटिंग में महिलाओं के 10 मीटर एयर राइफल इवेंट में भारत की इलावेनिल वालारिवन और अपूर्वी चंदेला फाइनल के लिए क्वालिफाई नहीं कर सकीं। जूडो में भारत की सुशीला देवी को हार का सामना करना पड़ा।

**हरमनप्रीत ने किए दो गोल**-पुरुष हॉकी में पुरुष वर्ग के पूल ए में भारत ने न्यूजीलैंड को 3-2 से हरा दिया है। भारत की ओर से हरमनप्रीत सिंह (26वें और 33वें मिनट) ने दो और रुपिंदर पाल सिंह (10वें मिनट) ने एक गोल किया। न्यूजीलैंड की ओर से केन रसेल ने छठे मिनट में पहला और स्टीफन जेनेस (43वें मिनट) में दूसरा गोल किया। ओलिंपिक गेम्स में यह भारत और न्यूजीलैंड के बीच 8वीं भिड़ंत थी। इसमें भारतीय टीम ने 5वीं बार जीत हासिल की है।

**महिलाओं के 10 मीटर एयर राइफल में चीन को गोल्ड**-टोक्यो ओलिंपिक का पहला गोल्ड मेडल चीन ने जीता।

## श्रीलंका से हारने का CWC सुपर लीग प्वॉइंट टेबल में भारत को हुआ नुकसान

नई दिल्ली। श्रीलंका के खिलाफ वनडे सीरीज के पहले दो मुकाबले जीतने के बाद टीम इंडिया को तीसरे और आखिरी मैच में हार का सामना करना पड़ा। श्रीलंका टीम इस मैच में तीन विकेट से जीत हासिल करते हुए क्लीन स्वीप की शर्मिंदगी से बच गई। यह मैच जीतते ही श्रीलंका टीम आईसीसी क्रिकेट वर्ल्ड कप सुपर लीग के प्वॉइंट टेबल में आगे बढ़ गई है। इसके अलावा भारत को इस हार से नुकसान हुआ है और वह तीसरे स्थान से फिसलकर चौथे नंबर पर पहुंच गया है। इस लिस्ट में इंग्लैंड सबसे ऊपर चल रहा है।भारत और श्रीलंका के बीच इस सीरीज में वैसे तो श्रीलंका के अविष्का फर्नांडो ने अपने बल्ले से प्रभावित करते हुए सबसे ज्यादा रन बनाए, लेकिन मैन ऑफ द सीरीज जीतने के मामले में भारत के सूर्यकुमार यादव बाजी मार गए। उन्हें दो मैचों में बल्लेबाजी करने का मौका मिला और दोनों में ही उन्होंने फिफ्टी जड़ी। बॉलिंग डिपार्टमेंट में भारत के युजवेंद्र चहल ने बाजी मारते हुए सबसे ज्यादा पांच विकेट झटके। उन्होंने सीरीज में एक मैच कम खेला, लेकिन इसके बावजूद उनके नाम सर्वाधिक विकेट रहे।



## पृथ्वी शॉ, सूर्यकुमार यादव और जयंत यादव को टेस्ट सीरीज के लिए भेजा जा सकता है इंग्लैंड: सूत्र

नई दिल्ली। भारत की क्रिकेट टीम एक ही समय पर दो अलग-अलग देशों में खेल रही है। एक टीम विराट कोहली की कप्तानी में इंग्लैंड में टेस्ट सीरीज की तैयारी में है तो वहीं दूसरी तरफ एक टीम की कमान शिखर धवन के हाथों में है। श्रीलंका में तो भारत ने वनडे सीरीज जीत ली है और अब उनकी निगाहें टी-20 सीरीज जीत पर है। लेकिन इंग्लैंड से भारत के लिए खबर अच्छी नहीं आ रही है। पहले सलामी बल्लेबाज शुभमन गिल को चोट के कारण स्वदेश लौटना पड़ा। अब भारत को एक साथ दोहरा झटका लगा है। नेट गेंदबाज के रूप में गए तेज गेंदबाज आवेश खान और ऑलराउंडर वॉशिंगटन सुंदर भी चोट के कारण अगस्त में इंग्लैंड के खिलाफ होने वाली पांच टेस्ट मैचों की सीरीज से बाहर हो गए हैं। अब खबर आ रही है कि पृथ्वी शॉ, सूर्यकुमार यादव और जयंत यादव को सीरीज से बाहर हुए खिलाड़ियों के विकल्प के तौर पर इंग्लैंड भेजा जा सकता है।



टिकिट

हमारा वतन साप्ताहिक
HamaraWATANWeekly संस्थापित 1965 ہمارا وطن ہفت روزہ
राष्ट्रीय विचारधारा की सर्वोत्तम अभिव्यक्ति का प्रतीक

**क्या ख़ाक़ लिखे कोई, बरगश्ता ज़माना है,**
**कांटों पै भी चलना है, दामन भी बचाना है।**

# गुरु-शिष्य परंपरा की महत्ता

भारतीय परंपरा में शिक्षा दान का कार्य त्यागी लोगों ने ही किया। जब तक ऐसा रहा तब तक भारत का कल्याण हुआ। स्वामी विवेकानंद के अनुसार इस देश में शिक्षा दान का भार पुन त्यागी लोगों को नहीं दिया जाता तब तक भारत को दूसरे देशों के तलवे चाटने होंगे। यह विडंबना ही है कि पराधीन भारत में हमारी भाषा, शिक्षा और संस्कृति उतनी बुरी अवस्था में नहीं थी, जितनी अंग्रेजों से मुक्त होने के बाद स्वदेशी राज में हो गई। शिक्षा की धारणा भी मूलतः स्खलित हो गई। महान कवि-चिंतक सच्चिदानंद हीरानंद वात्स्यायन 'अज्ञेय' के शब्दों में कहें तो शिक्षकों और विर्द्यािथयों को संबोधित करने का एकाधिकार उस राजनीतिक वर्ग का हो गया है, जिसका आज ज्ञानोपार्जन से कोई नाता नहीं, जो केवल सफलता के फौरी नुस्खे बांटते रहते हैं।



राम गोपाल सैनी

ऐसी अवस्था में भारत के महान गुरुओं का स्मरण कर लेना भी एक आवश्यक कार्य है, ताकि लोगों में शिक्षा और शिक्षक की अर्थवत्ता की लौ जलती रहे। भारतीय ज्ञानियों के अनुसार, जिस व्यक्ति की आत्मा से दूसरी आत्मा में शक्ति-संचार हो, वह गुरु कहलाता है। इसके लिए देने वाले में शक्ति और लेने वाले में ग्रहण करने की योग्यता अपेक्षित है। शिष्य में भी पात्रता होनी आवश्यक है। सातवीं सदी में भारतीय शिक्षा को देखने वाले चीनी विद्वान ह्वेनसांग ने लिखा है कि भारतीय विश्वविद्यालयों में प्रवेश के लिए आने वाले छात्रों में दस में दो-तीन ही उत्तीर्ण हो पाते थे।

## अति आवश्यक सूचना

पाठकों व विज्ञापनदाताओं से निवेदन है कि जिनका सालाना सदस्यता शुल्क व विज्ञापनों का भुगतान नहीं हो पाया है वे अपना शुल्क 'हमारा वतन वीकली के नाम से खाता संख्या 61079058819' एसबीआई (IFSC Code- SBIN0004227) में या 9214996258 पर फोन-पे, पेटीएम, गुगल-पे पर जमा कराकर सूचित करें।

– सम्पादक

पुनीत प्रतिष्ठा में :-

# पूर्व विधायक सैनी ने मनोनीत पार्षदों का किया सम्मान



जयपुर (हमारा वतन) शहर के कचोलिया रोड स्थित पूर्व विधायक निवास पर पूर्व विधायक भगवान सहाय सैनी ने नगरपालिका के नव मनोनीत पार्षद चिराग जैन, सांवरमल कुमावत व ममता अग्रवाल को माला पहनाकर स्वागत सम्मान किया। पूर्व विधायक सैनी ने मनोनीत पार्षदों को बधाई व शुभकामनाएं व उनके उज्जवल भविष्य की कामना की।

पूर्व विधायक सैनी ने कहा कि मुझे पूरी उम्मीद है कि सभी मनोनीत पार्षद जनता की आशाओं पर खरा उतरते हुए सरकार के साथ मिलकर चौमूं नगरपालिका के वार्डो का चहुंमुखी विकास के लिए कार्य करते हुए अपनी जिम्मेदारी का बखूबी निर्वहन करेंगे। चौमू की जनता ने नगरपालिका के चुनावों में कांग्रेस पार्टी के प्रति विश्वास जताया था जिसकी वजह से आज नगर पालिका में कांग्रेस पार्टी का बोर्ड है। कांग्रेस पार्टी ने ही विकास कार्य किया है व करती रहेगी।

इस मौके पर डीसीसी राजकुमार शर्मा, मुकेश मोदी, गोपाल गुलिया, दिनेश अग्रवाल, एडवोकेट कमल कुमार, गणेश जैन, गिरधारी लाल बजाज, नेमीचंद जैन, सुरेश जैन, राजू जैन, मुकुल अग्रवाल, रामस्वरूप रेगर, संतोष कुमावत, ओमप्रकाश कुमावत,व अन्य कांग्रेस कार्यकर्ता ने पार्षदों को बधाई देते हुए सम्मान किया।

# केवीआईसी के ब्रांड नाम खादी के अवैध इस्तेमाल पर रोक, कोर्ट ने कहा- नहीं चलाई जा सकती कोई भ्रामक गतिविधि

नई दिल्ली (हमारा वतन) उच्च न्यायालय ने खादी एवं ग्रामोद्योग आयोग (केवीआईसी) के ब्रांड नाम खादी के अवैध रूप से इस्तेमाल कर सौंदर्य प्रतियोगिता और अन्य व्यावसायिक गतिविधियों के आयोजन पर प्रतिबंध लगा दिया। अदालत ने स्पष्ट किया कि खादी के नाम पर कोई भ्रामक गतिविधि नहीं चलाई जा सकती। केवीआईसी का आरोप है कि नोएडा स्थित खादी डिजाइन काउंसिल ऑफ इंडिया (केडीसीआई) और मिस इंडिया खादी फाउंडेशन (एमआईकेएफ) जैसे निजी संस्थानों ने उनके ब्रांड नाम खादी का अवैध रूप से इस्तेमाल कर लोगों को धोखा दिया है।

न्यायमूर्ति संजीव नरूला ने केवीआईसी की याचिका पर एक पक्षीय आदेश में कहा कि दोनों संस्थाओं के नाम केवीआईसी के ट्रेडमार्क खादी के लिए भ्रामक ढंग से समान है, इसलिए यह ट्रेडमार्क के उल्लंघन का मामला है।

अदालत ने बचाव पक्ष खादी डिजाइन काउंसिल ऑफ इंडिया (केडीसीआई) और मिस इंडिया खादी फाउंडेशन (एमआईकेएफ) तथा इसके स्वयंभू मुख्य कार्यकारी अधिकारी अंकुश अनामी को आदेश दिया कि वे सोशल मीडिया ऐप इंस्टाग्राम, यूट्यूब और फेसबुक पर संस्था के सभी अकाउंट से खादी नाम हटाएं।

अदालत ने अनामी को दोनों संस्थाओं की वेबसाइट से ऐसी सामग्री को भी हटाने के निर्देश दिए जो केवीआईसी की वेबसाइट से मिलती-जुलती है। खादी डिजाइन काउंसिल ऑफ इंडिया (केडीसीआई) पर आरोप है कि वह फैशन डिजाइनरों को खादी प्रमाणपत्र देने की ऐवज में उनसे प्रति व्यक्ति दो हजार रुपये वसूल रहा था। केडीसीआई पर यह भी आरोप है कि उसने केवीआईसी के प्रधानमंत्री रोजगार सृजन कार्यक्रम से भी जुड़े होने का दावा किया था। अदालत ने केवीआईसी की दलील पर संज्ञान लेते हुए ने कहा कि प्रथम दृष्टया वादी केवीआईसी ने अपने पक्ष में मामला साबित किया है। इसके कारण वादी को अपूरणीय क्षति हुई है। अगले आदेश तक दूसरे पक्ष को ट्रेडमार्क %खादी% के तहत निर्माण, विज्ञापन या किसी भी प्रकार की वस्तुओं या सेवाओं को प्रदान करने से प्रतिबंधित किया जाता है। इसके अलावा उसे सोशल मीडिया ऐप इंस्टाग्राम, यूट्यूब और फेसबुक पर संस्था के सभी अकाउंट से खादी नाम हटाने के भी निर्देश दिए जाते हैं।

अदातल ने साथ ही उसे वेबसाइट से ऐसी सामग्री को भी हटाने के निर्देश दिए हैं जो केवीआईसी की वेबसाइट से मिलती-जुलती है। गौरतलब है कि इस वर्ष मार्च में दिल्ली उच्च न्यायालय ने एक संस्था को अपने उत्पाद बेचने के लिए खादी नाम और चर्खा के प्रतीक का इस्तेमाल करने से रोका था।

# मुख्यमंत्री पुष्कर धामी ने वृक्षमित्र डॉ सोनी को अंतर्राष्ट्रीय एक्सीलेंस एवार्ड से किया सम्मानित



उत्तराखंड (हमारा वतन) पर्यावरण संरक्षण के क्षेत्र में 1998 से लगातार कार्य कर रहे पर्यावरणविद् वृक्षमित्र डॉ त्रिलोक चंद्र सोनी को मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने अंतर्राष्ट्रीय एक्सीलेंस एवार्ड 2021 से सम्मानित किया। इंटिलियो वैलफेयर फाउंडेशन(आईएनटी) पांच देशों का संगठन हैं जिसमे आस्ट्रेलिया, जापान, कनाडा, भारत व फीजी देश हैं इन देशों के ज्यूरी पैनल ने उत्तराखंड से डॉ त्रिलोक चंद्र सोनी को चयनित कर यह सम्मान दिया है ।

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा कि वृक्षमित्र डॉ त्रिलोक चंद्र सोनी ने अंतरराष्टीय एक्सीलेंस एवार्ड प्राप्त कर उत्तराखंड का नाम पर्यावरण संरक्षण के क्षेत्र में अंतर्राष्टीय स्तर पर रोशन किया है इस सम्मान के लिए उन्हें बहुत बहुत बधाई के साथ ढेरो शुभकामनाएं हैं। आईएनटी ग्रुप ऑस्ट्रेलिया के अध्यक्ष भुवन भट्ट ने अंतरराष्टीय सम्मान मिलने पर बधाई दी। गौरतलब है कि डॉ त्रिलोक चंद्र सोनी पेशे से अध्यापक हैं जो जनपद टिहरी गढ़वाल के मरोड़ा (सकलाना) में प्रवक्ता भूगोल के पद पर कार्यरत हैं और मूलतः जनपद चमोली के विकासखंड देवाल ग्राम पूर्णा के रहने वाले है । ग्रामीण परिवेश में पले डॉ सोनी की शिक्षा दीक्षा गांव में हुई हैं और वर्तमान में भी वे पर्वतीय क्षेत्र के ग्रामीण परिवेश में हैं । 1998 से पर्यावरण की अलख की लौ जलाये आज अंतर्राष्टीय स्तर पर पहुंचा चुके है । डॉ सोनी स्वयं अपने खर्चे से छः सो से अधिक कार्यक्रम कर चुके है और दस हजार से अधिक लोगो को पौधा उपहार में भेंट कर चुके है। उनका कहना है कि खुशनुमा जीवन तभी हो सकता हैं जब हम प्रकृति की सेवा करेंगे । इसलिए मेरा पेड़-मेरा दोस्त(मेरा वृक्ष-मेरा मित्र) के तहत एक एक पौधा लगाकर धरती का सृगार बनाने में अपना योगदान देवे तथा पुष्कर सिंह धामी को उत्तराखंड के मुख्यमंत्री बनने पर औषधीय तेजपात का पौधा उपहार में देकर बधाई दी।

# गोविन्द सोगण को मिला एजुकेशन एम्बेसडर सम्मान 2021



जयपुर (हमारा वतन) आर्थिक समस्या के दौर में सब लोग अलग-अलग प्रकार से अन्य लोगों की सहायता कर रहे हैं । भोजन कपड़ा और मकान के साथ शिक्षा में महत्वपूर्ण भूमिका निभाना भी आवश्यक है ।

इसी प्रकार कोई शिक्षा से वंचित ना रहे इस बात को ध्यान में रखते हुए योगदान सेवा संस्थान जयपुर के संस्थापक गोविन्द सोगण ने अपनी टीम के साथ समर्पण संस्था के एजुकेशन एंबेसडर अभियान में अपना दायित्व निभाते हुए एजुकेशन एंबेसडर नियुक्त किए गए और इसी अभियान के साथ आर्थिक स्थिति से कमजोर एक छात्रा का शिक्षा सहयोग गोविन्द सोगण एवं टीम के साथ किया गया।

इसी कड़ी में सोगण को समर्पण संस्था के संस्थापक दौलत राम माल्या ने अपनी टीम के साथ सोगण को एजुकेशन एंबेसडर सम्मान से नवाजा ।

गोविन्द सोगण पर्यावरण संरक्षण के साथ-साथ पशु पक्षियों की सेवा समर्पण भाव से करते हैं जरूरतमंद व्यक्तियों को भोजन वस्त्र चिकित्सा सुविधा एवं अन्य सुविधाएं उपलब्ध करवाते हैं एवं गोविन्द सोगण सामाजिक क्षेत्र में अपनी पहचान रखते हैं और समर्पण वस्त्र बैंक के सदस्य भी नियुक्त किए गए हैं सामाजिक क्षेत्र की कई संस्थाओं से सम्मानित हो चुके हैं ।

# आयकर रिफंड मिलने में हो सकती है देरी, जानें वजह

नई दिल्ली। आयकर विभाग की नई वेबसाइट की दिक्कतों से आम लोग, चार्टर्ड अकाउंटेंट (सीए) के साथ-साथ आयकर अधिकारी भी परेशानी का सामना कर रहे हैं। आयकर अधिकारियों का कहना है कि अगर नई वेबसाइट में आ रही दिक्कतों को जल्द सुधारा नहीं गया तो रिफंड भी अटकने शुरू हो सकते हैं। इससे करदाताओं को रिफंड देने में देरी हो सकती है। गौरतलब है कि रिफंड के मामले में पिछले साल विभाग का रिकॉर्ड अच्छा था लेकिन इस साल जिस हिसाब से पोर्टल बेहद धीमी रफ्तार और आधा आधूरा चल रहा है।

**खबरों, विज्ञापन एवं सदस्यता के लिए सम्पर्क करें ।**

**Email-**
**hamarawatan65@gmail.com**
**9214996258, 7014468512**

RNI No. 10311/1965
स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक, सम्पादक राम गोपाल सैनी के लिए उदय प्रिन्टर्स 43 ए, माली कॉलोनी, चांदपोल बाहर, जयपुर से मुद्रित तथा वार्ड नं.1, सामोद रोड़ नीमड़ी, ग्राम-मोरीजा, तहसील-चौमूँ, जिला-जयपुर से प्रकाशित , मो. 9214996258, 7014468512
संरक्षक : बाबूलाल सैनी मो: 9352734588
सहायक सम्पादक: राकेश तिवाड़ी
प्रबंध सम्पादक : वली मोहम्मद कुरैशी, मो. 9929610759
सभी प्रकार के वाद-विवादों का न्याय क्षेत्र जयपुर शहर होगा